दिन– शुक्रवार दिनांक– 09 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.48 बजे से। अवधि– 10 मिनट

---

01. भारतीय सैन्य बलों ने कल रात पाकिस्तान द्वारा पश्चिमी सीमा को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और मिसाइलों से किये गए सभी हमलों को विफल किया।

02. भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के चार हवाई रक्षा स्थलों पर ड्रोन लांच किए। पाकिस्तान के एक एयर डिफेंस रडार को किया गया नष्ट।

03. राज्य सरकार ने भारत–नेपाल के सीमावर्ती जिलों पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए।

04. और, भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच बीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी बचे मैच को एक सप्ताह के लिए निलंबित किया।

---

भारतीय सैन्य बलों ने कल रात पाकिस्तान द्वारा पश्चिमी सीमा को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और मिसाइलों से किये गए सभी हमलों को विफल कर दिया। भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में कर्नल सोफिया कुरैशी ने यह जानकारी दी। कर्नल कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने तीन सौ से चार सौ ड्रोन के माध्यम से छत्तीस स्थानों पर हमले का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ये ड्रोन तुर्की में निर्मित थे। भारतीय सैन्य बलों ने इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। कर्नल कुरैशी ने कहा कि भटिंडा सैन्य स्टेशन को भी पाकिस्तानी सेना ने निशाना बनाने का प्रयास किया, जिसे विफल कर दिया गया।

–––बाइट–––

कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने इस कायराना हरकत के लिए नागरिक विमानों को ढाल बनाया, ताकि भारत जवाबी हमला नहीं कर सके। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में भारत ने पाकिस्तान के चार हवाई रक्षा स्थलों पर ड्रोन लांच किए, जिसमें पाकिस्तान के एक एयर डिफेंस रडार को नष्ट कर दिया गया।

–––बाइट–––

कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान ने तंगधार, ऊरी, मेंढर, राजौरी, अखनूर और उधमपुर में भारी गोलीबारी की, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। पूंछ में पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में दो छात्रों की मौत हो गई। इधर, सीमा सुरक्षा बल ने जम्मू और कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ के बड़े प्रयास को विफल करते हुए कम से कम सात आतंकवादियों को ढेर कर दिया है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकर अजीत डोभाल के साथ अपने आवास पर उच्च स्तरीय बैठक कर रहे हैं। बैठक में सीडीएस और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद हैं।

---

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में खाद्यान्न और पेट्रोलियम उत्पाद समेत किसी अन्य आवश्यक सामाग्रियों की कोई कमी नहीं है। सरकार ने लोगों से इस संबंध में नहीं घबराने की अपील की है। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा देश में आवश्यक सेवाओं के सुचारू संचालन के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट ....

———रिपोर्ट———

इधर, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में पर्याप्त खाद्यान्न भंडार उपलब्ध है। श्री चौहान ने नागरिकों से किसी भी आपात स्थिति में शांत रहने का आग्रह किया है।

---

भारत की कार्रवाई से घबराया हुआ पाकिस्तान अब फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं को फैलाने के लिए डिजिटल स्पेस का सहारा ले रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पाकिस्तान किस तरह से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है।

———रिपोर्ट———

लगातार भारत से मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा। प्रोप्गेंडा में माहिर इस्लामाबाद सोशल मीडिया पर भ्रामक और फर्जी वीडियो और तस्वीरों के जरिए भारत के खिलाफ लगातार दुष्प्रचार फैला रहा है। सोशल मीडिया में पाकिस्तान ने एक पुराने वीडियो को वायरल करके दावा किया है कि उसने नियंत्रण रेखा पर 20 राज बटालियन की एक चौकी को तबाह कर दिया। ये पूरी तरह से गलत बयानी है क्योंकि ऐसी कोई भी सेना की टुकड़ी भारत में नहीं है। झूठ बोलने में माहिर पाकिस्तान ने अगस्त 2021 में काबुल एयरपोर्ट पर हुए एक विस्फोट की तस्वीर के जरिए झूठ फैलाने का प्रयास किया। जिसमें उसने जम्मू एयरफोर्स बेस पर धमाके का दावा किया है। भारत के खिलाफ ऑनलाइन चलाए जा रहे झूठे अभियान में पाकिस्तान ने एक और वीडियों के जरिए गुजरात के हजीरा पोर्ट पर हमले का दावा किया। जबकि ये वीडियो एक तेल के टैंकर में हुए विस्फोट का है। इन हरकतों से साफ है कि दुनिया में आतंक का प्रयाय बन चुके पाकिस्तान ने झूठ बोलकर अपनी बची कुची विश्वसनीयता भी खो दी है और वह पूरी तरह से हताश हो चुका है। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

श्रोताओं, यदि आपको कोई संदिग्ध सामग्री मिलती है, जो विशेषकर भारतीय सशस्त्र बलों या फिर मौजूदा स्थिति से संबंधित कोई जानकारी हो, तो आपको इसकी सूचना पीआईबी फैक्ट चेक को अवश्य देनी चाहिए। आप ऐसी जानकारी को व्हाट्सएप नंबर 8 7 9 9 7 1 1 2 5 9 और ईमेल आईडी– social media @pib-gov-in पर भी साझा कर सकते हैं।

————————————————————

केंद्र सरकार ने सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और नागरिकों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज या वास्तविक समय की रिपोर्टिंग नहीं करने को कहा है।

————————————————————

केंद्र सरकार ने थल सेना अध्यक्ष को एक विशेष अधिकार प्रदान कर दिया है। इसके तहत अब वे आवश्यकता पड़ने पर टेरिटोरियल आर्मी के सभी जवानों और अधिकारियों को देश की सुरक्षा तथा आवश्यक कार्यों के लिए बुला सकेंगे।

————————————————————

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को पत्र लिखकर सिविल डिफेंस नियमों के तहत आपातकालीन शक्तियां लागू करने को कहा है। ये निर्देश एहतियाती उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर जारी किए गए हैं।

————————————————————

भारत–पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालातों को देखते हुए बिहार में भी हाई अलर्ट है। आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने आज पटना स्थिति की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में भारत–नेपाल के सीमावर्ती जिलों पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही पटना, गया, बेगूसराय, कटिहार और पूर्णिया में नागरिक स्वयंसेवक, सिविल डिफेंस वॉलंटियर की संख्या बढ़ाने को कहा गया। श्री अमृत ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ भी बैठक की। बैठक में केंद्र सरकार के निर्देश के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं तैयार रखने के निर्देश दिए गये। इधर, मुख्यमंत्री

नीतीश कुमार कल पूर्णिया में सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि आतंकवाद पाकिस्तान की राज्य नीति का हिस्सा है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत किसी भी आतंकी कार्रवाई का जवाब देने के लिए सक्षम है।

———बाइट———

---

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईपीएल—दो हजार पच्चीस के शेष मैच को एक सप्ताह के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की घोषणा की है। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के परामर्श के बाद संशोधित कार्यक्रम और स्थलों के बारे में जानकारी दी जायेगी।

---

बिहार पुलिस में सिपाही भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा में अंतिम रूप से इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। इनमें ग्यारह हजार एक सौ अठहत्तर महिलाएं हैं। परीक्षा में आठ ट्रांसजेंडर उम्मीदवार भी सफल हुए हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. भारतीय सैन्य बलों ने कल रात पाकिस्तान द्वारा पश्चिमी सीमा को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और मिसाइलों से किये गए सभी हमलों को विफल किया।

02. भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के चार हवाई रक्षा स्थलों पर ड्रोन लांच किए। पाकिस्तान के एक एयर डिफेंस रडार को किया गया नष्ट।

03. राज्य सरकार ने भारत—नेपाल के सीमावर्ती जिलों पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए।

04. और, भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच बीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी बचे मैच को एक सप्ताह के लिए निलंबित किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।